दादा साहेब फाल्के पुरस्कार 2019

केन्द्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने 1 अप्रैल, 2021 को अभिनेता रजनीकांत को वर्ष 2019 का दादा साहेब फाल्के पुरस्कार देने की घोषणा की।

- रजनीकांत यह पुरकार पाने वाले 12वें दक्षिण भारतीय कलाकार हैं।
- रजनीकांत को इससे पूर्व केन्द्र सरकार द्वारा पद्म विभूषण और पद्म भूषण से सम्मानित किया जा चुका है।

दादा साहेब फाल्के पुरस्कार : एक परिचय

वर्ष 1969 में दादा साहेब फाल्के की 100वीं जयंती के अवसर पर 17वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार के साथ यह पुरस्कार प्रारम्भ हुआ था।

- भारत में फिल्मी हस्तियों को दिया जाने वाला यह सर्वोच्च पुरस्कार भारतीय सिनेमा के विकास में उत्कृष्ट योगदान के लिए भारत सरकार द्वारा गठित समिति की संस्तुतियों के आधार पर दिया जाता है।
- सम्मान के रूप में एक स्वर्ण कमल, ` दस लाख और एक शाल दिया जाता है।
- अब तक कुल 51 लोगों को दादा साहेब फाल्के पुरस्कार मिल चुका है। वर्ष 1969 का पहला पुरस्कार अभिनेत्री देविका रानी को दिया गया था।

दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित व्यक्ति 2010–2019

नाम	वर्ष	नाम	वर्ष
के. बालाचंदर	2010	मनोज कुमार	2015
सौमित्र चटर्जी	2011	के. विश्वनाथ	2016
प्राण कृष्ण सिकन्द	2012	विनोद खन्ना	2017
गुलजार	2013	अमिताभ बच्चन	2018
शशि कपूर	2014	रजनीकांत	2019